बाबा मुझे दर पे बुलाना तेरा धाम रूनिचा है सुहाना

बाबा मुझे दर पे बुलाना,
तेरा धाम रूनिचा है सुहाना ।

मैं हर साल सोचूं मैं जाऊं रूनिचा,
मगर कोई काम निकलता है दूजा ।
बाबा दर पे मुझको बुलाना,
तेरा धाम रूनिचा है सुहाना ॥१॥

किस्मत वाले है जो वो हर साल जाते,
रूनिचा मे जाकर वो जम्मा जगाते ।
बाबा मुझे अब ना रुलाना,
तेरा धाम रूनिचा है सुहाना ॥२॥

तेरे दर पे भक्तो का लगता है रेला,
मुझे कब बुलाओगे अजमल के लाला ।
सेवक हू मे तेरा पुराना,
तेरा धाम रूनिचा है सुहाना ॥३॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1568/title/baba-mujhe-dar-pe-bulana-tera-dham-runicha-hai-suhana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |